# राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला

**जिला मण्डी**
**हिमाचल प्रदेश**

# 14 वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

**मुख्य अतिथि**

## श्री जवाहर ठाकुर

**माननीय विधायक**
**द्रंग, हिमाचल प्रदेश**

# वार्षिक प्रतिवेदन 2021–22

**दिनाँकः 31 मार्च 2022**

**प्रस्तुति : डॉ. कल्याण चंद मंढोत्रा**
**प्राचार्य (कार्यकारी)**

**राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला,**
**जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश**
**वार्षिक प्रतिवेदन**
**सत्र : 2021–22**

## मान्यवर,

आज राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला अपना 14वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित कर रहा है। आप सभी का यहाँ पधारने पर मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ। यह हमारे लिए अत्यन्त हर्ष का विषय है कि इस समारोह के मुख्य–अतिथि के रूप में हमारे मध्य परम आदरणीय श्री जवाहर ठाकुर जी, माननीय विधान सभा सदस्य, हिमाचल प्रदेश सरकार, विराजमान है।

महाविद्यालय परिवार आप जैसे महानुभाव को मुख्य–अतिथि के रूप में अपने मध्य उपस्थित पाकर अपने आपको गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। आपका जन्म सन् 1954 में मण्डी जिला की औट तहसील के सनोड़ गांव में स्वर्गीय श्री प्रेम सिंह जी के घर हुआ। आपकी स्कूली शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पनारसा से हुई। आप लम्बे समय से राजनीति व समाज सेवा में सक्रिय रूप से भाग लेते रहे हैं। आप 1988–93 तक पंचायत सदस्य (Ward Member), 1993–98 तथा 1998–2003 तक दो कार्यकाल के लिए पंचायत प्रधान तथा 2003–2008 में जिला परिषद के सदस्य के रूप में चुने गये। इसके साथ आप स्वदेशी जागरण मंच के सदस्य, 1998–2004 तक हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन (HRTC) एवं कृषि उद्योग (Agro Industries) के निदेशक मण्डल के सदस्य तथा 1991–96 तक आप दूरसंचार सलाहकार कमेटी के सदस्य रहे। इसके अतिरिक्त 2012–15 तक आप भारतीय जनता पार्टी के जिला मण्डी के अध्यक्ष भी रहे। समाज सेवा में आपकी तत्परता से कोई भी अनभिज्ञ नहीं है। इसके अलावा आपको इस क्षेत्र के एक उत्कृष्ट कृषक तथा बागवान के रूप में पहचाना जाता है। जिसके लिए 1994 में आप मण्डी तथा कुल्लु जिला के श्रेष्ठ बागवान के रूप में सम्मानित हो चुके हैं। इसी के परिणाम स्वरूप आज आप इस क्षेत्र से विधान सभा के लिए जनप्रतिनिधि के रूप में चुने गये, जो अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। आप एक ईमानदार, लोकप्रिय,

शान्त स्वभाव, मृदु भाषी व साफ छवि के नेता हैं। माननीय मुख्य अतिथि महोदय की कर्मठता, समर्पण एवं समाज सेवा से हम सभी परिचित हैं।

हमारे मध्य विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, अभिभावक, जन प्रतिनिधि, पूर्व छात्र संघ के सदस्य, गणमान्य व्यक्ति तथा पत्रकार बन्धु उपस्थित हैं, मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ।

घोघर धार के आँचल में बसा, हिमरी गंगा के चरणों में स्थित सुरम्य घाटियों से घिरा महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला वर्ष 2006 में अस्तित्व में आया। इस महाविद्यालय की स्थापना से पहाड़ी क्षेत्रों की उन्नति एवं समृद्धि के रास्ते खुले हैं। महाविद्यालय अपने गौरवमय इतिहास का एक दशक पूर्ण कर चुका है और शैशव से बाल्यावस्था की ओर अग्रसर हो रहा है। भविष्य में इस संस्था के विकास व उत्कर्ष के लिए आप सभी का मार्गदर्शन अपेक्षित है।

महोदय, मैं इस सत्र का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति चाहता हूँ।

## प्रवेश विवरण :–

वर्तमान शैक्षणिक–सत्र 2021–22 में महाविद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में कक्षाएं चल रही हैं। जिसमें विद्यार्थियों की कुल संख्या 599 है। जिसमें 243 छात्र तथा 356 छात्राएं हैं, जिनका विस्तृत विवरण इस प्रकार है :–

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुल |
|---|---|---|---|
| बी0 ए0 प्रथम वर्ष | 90 | 108 | 198 |
| बी0 ए0 द्वितीय वर्ष | 62 | 82 | 114 |
| बी0 ए0 तृतीय वर्ष | 33 | 90 | 123 |
| बी0 एससी0 प्रथम वर्ष | 19 | 21 | 40 |
| बी0 एससी0 द्वितीय वर्ष | 16 | 16 | 32 |
| बी0 एससी0 तृतीय वर्ष | 16 | 33 | 49 |
| बी0 कॉम0 प्रथम वर्ष | 04 | 02 | 06 |
| बी0 कॉम0 द्वितीय वर्ष | 02 | 02 | 04 |
| बी0 कॉम0 तृतीय वर्ष | 01 | 02 | 03 |
| **कुल योग** | **243** | **356** | **599** |

# कर्मचारियों की स्थिति

**<u>शिक्षक वर्ग :-</u>** महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में शिक्षक वर्ग के 18 पद सृजित हैं, जिनमें 1 प्राध्यापक प्रतिनियुक्ति पर है और 15 प्राध्यापक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

**<u>गैर शिक्षक वर्ग :-</u>** गैर शिक्षक वर्ग में 30 पद सृजित हैं, जिनमें 13 पदों पर कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

**<u>रिक्तियांः-</u>** महाविद्यालय में प्राचार्य का पद, प्राध्यापक के दो पद, पुस्तकालय स्टाफ में तीन, प्रयोगशाला स्टाफ में आठ, वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक के दो, कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक के चार, प्रयोगशाला सहायक के चार, संगीत विभाग में तबला अनुदेशक का एक, स्टोर कीपर का एक तथा सफाई कर्मचारी के दो पद रिक्त हैं। रिक्तियों का विस्तृत विवरण तालिका द्वारा स्पष्ट किया गया है :—

## कर्मचारियों की स्थिति 2021-22

### शिक्षक वर्ग :—

| क्र. सं. | विषय | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | अनुबन्ध | |
| 1 | प्राचार्य | 01 | — | — | 01 |
| 2 | अंग्रेजी | 02 | 02 | — | — |
| 3 | हिन्दी | 01 | 01 | — | — |
| 4 | राजनीतिशास्त्र | 01 | — | — | 01 |
| 5 | समाजशास्त्र | 01 | 01 | — | — |
| 6 | भूगोल | 01 | 01 | — | — |
| 7 | संगीत (स्वर) | 01 | 01 | — | — |
| 8 | अर्थशास्त्र | 01 | 01 | — | — |
| 9 | इतिहास | 01 | 01 | — | — |
| 10 | गणित | 01 | 01 | — | — |
| 11 | वाणिज्य | 02 | 02 | — | — |
| 12 | भौतिक विज्ञान | 02 | 01 | — | 01 |
| 13 | रसायन विज्ञान | 02 | 01 | — | 01 |
| 14 | वनस्पति विज्ञान | 01 | 01 | — | — |
| 15 | प्राणी विज्ञान | 01 | 01 | — | — |
| कुल | | 19 | 15 | — | 04 |

## गैर शिक्षक वर्ग :–

| क. सं. | पद नाम | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | अनुबन्ध | |
| 1 | अधीक्षक ग्रेड–।। | 01 | 01 | – | – |
| 2 | वरिष्ठ सहायक | 01 | 01 | – | – |
| 3 | लिपिक | 03 | 01 | 02 | – |
| 4 | स्टोर किप्पर | 01 | – | – | 01 |
| 5 | पुस्तकालयध्यक्ष | 01 | – | – | 01 |
| 6 | स0 पुस्तकालयध्यक्ष | 01 | 01 | – | – |
| 7 | पुस्तकालय परिचर | 01 | – | – | 01 |
| 8 | पुस्तकालय संरक्षक | 01 | – | – | 01 |
| 9 | व0 प्रवक्ता सहायक | 02 | – | – | 02 |
| 10 | क0 प्रवक्ता सहायक | 04 | – | – | 04 |
| 11 | प्रयोगशाला परिचर | 05 | 01 | – | 04 |
| 12 | तबलावादक | 01 | – | – | 01 |
| 13 | सेवादार | 06 | 06 | – | – |
| 14 | सफाई कर्मचारी | 02 | – | – | 02 |
| | कुल | 30 | 11 | 02 | 17 |
| | कुल 1+2 | 49 | 26 | 02 | 21 |

## स्थानान्तरण :–

**महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित नए सदस्य** :–
प्राचार्या बन्दना वैद्या राजकीय महाविद्यालय कुल्लु से इस महाविद्यालय में शामिल हुई।
शिक्षक वर्ग में प्रो0 शिखा कपूर, अंग्रेजी विभाग; प्रो0 याचना शर्मा, भौतिक विज्ञान; प्रो0 आशा कुमारी, अंग्रेजी विभाग; प्रो0 अनिता कुमारी, हिन्दी विभाग; डा0 विनोद कुमार, समाजशास्त्र विभाग में सम्मिलित हुए।

गैर शिक्षक वर्ग में वरिष्ठ सहायक श्री श्याम लाल व लिपिक श्री सुखदेव तथा लिपिक श्री युद्धिचन्द, महाविद्यालय परिवार में शामिल हुए।

**स्थानान्तरित सदस्य** :– प्राचार्या बन्दना वैद्या, भौतिक विज्ञान विभाग से डा0 जितेन्द्र कुमार, अंग्रेजी विभाग से डा0 बन्दना, हिन्दी विभाग से डा0 राजकुमार, समाजशास्त्र विभाग से डा0 ब्रजनन्दन; इस सत्र में महाविद्यालय से स्थानान्तरित हुए।

गैर शिक्षक वर्ग में श्री यान चन्द, वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक तथा श्री सुरेश कुमार, लिपिक का महाविद्यालय से स्थानान्तरण हुआ।

# शैक्षणिक परिणाम

| संकाय | कक्षा | श्रेणी | नाम |
|---|---|---|---|
| कला संकाय (Arts) | प्रथम वर्ष (1st Year) | प्रथम | सोनिया |
| | | द्वितीय | मीरा |
| | | तृतीय | अभिषेक ठाकुर |
| विज्ञान संकाय (Science) | प्रथम वर्ष (1st Year) | प्रथम | सोनिया |
| | | द्वितीय | सुमन ठाकुर |
| | | तृतीय | अभिषेक ठाकुर |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | प्रथम वर्ष (1st Year) | प्रथम | पूजा कुमारी |
| | | द्वितीय | सुनीता देवी |
| | | तृतीय | परीक्षित |
| कला संकाय (Arts) | द्वितीय वर्ष (2nd Year) | प्रथम | दिव्या चौहान |
| | | द्वितीय | नेहा |
| | | तृतीय | दिशा कुमारी |
| विज्ञान संकाय (Science) | द्वितीय वर्ष (2nd Year) | प्रथम | पूजा |
| | | द्वितीय | योगेशवरी |
| | | द्वितीय | अमन ठाकुर |
| | | द्वितीय | देवांशी |
| | | तृतीय | अरूना शर्मा |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | द्वितीय वर्ष (2nd Year) | प्रथम | सपना |
| | | प्रथम | पल्लवी वर्मा |
| | | द्वितीय | करण ठाकुर |
| कला संकाय (Arts) | तृतीय वर्ष (3rd Year) | प्रथम | सोनिया ठाकुर |
| | | द्वितीय | शालू देवी |
| | | तृतीय | मधु कुमारी |
| विज्ञान संकाय (Science) | तृतीय वर्ष (3rd Year) | प्रथम | सतीश कुमार |
| | | द्वितीय | रीना |
| | | तृतीय | प्रियंका |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | तृतीय वर्ष (3rd Year) | प्रथम | शालु |
| | | द्वितीय | दीपक वर्मा |
| | | तृतीय | स्मृति ठाकुर |

## अभिभावक शिक्षक संघ (Parents Teachers' Association):-

शैक्षणिक सत्र 2021–22 के अभिभावक शिक्षक संघ (PTA) की कार्यकारिणी का गठन 11 सितम्बर 2021 को महाविद्यालय में, प्राचार्या वन्दना वैद्या की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गयें :–

| क्रम संख्या | पद | नाम |
|---|---|---|
| 1 | प्रधान | श्री दिनेश कुमार |
| 2 | उप–प्रधान | श्री सुन्दर सिंह |
| 3 | सचिव | डा0 राज कुमार |
| 4 | सह–सचिव | श्री नवल किशोर |
| 5 | कोषाध्यक्ष | श्री सिद्धु राम |
| 6 | मुख्य सलाहकार | श्रीमती चम्पा देवी |
| 7 | सदस्य | डा0 ब्रजनन्दन |
| 8 | सदस्य | डा0 दीपाली अशोक |
| 9 | सदस्य | डा0 संदीप कुमार |

PTA Fund से एक सफाई कर्मचारी की सेवाएं ली जा रही है।

## भूतपूर्व छात्र संघ (Old Students' Association)

महाविद्यालय में पूर्व छात्र संघ (OSA) की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसके सदस्य इस प्रकार है :

| | |
|---|---|
| प्रधान | श्री भूवनेश्वर |
| उप–प्रधान | श्री चन्द्रशेखर |
| सचिव | श्री नितिन कुमार |
| कोषाध्यक्ष | श्री सोम दत्त |

## छात्रवृत्तियाँ :–

इस सत्र में वितरित छात्रवृत्तियों का विवरण इस प्रकार है :–

| कम संख्या | छात्रवृति | छात्र संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति | 11 |
| 2 | अनुसूचित जनजाति | 08 |
| 3 | ओ0 बी0 सी0 | 16 |
| 4 | आई0 आर0 डी0 पी0 | 04 |
| 5 | कल्पना चावला | 04 |
| 6 | आर्थिक पिछड़ी जाति | – |
| 7 | अल्पसंख्यक | 04 |
| कुल योग | | 47 |

## पुस्तकालय :-

पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान की मुख्य सम्पति होती है। महाविद्यालय में विभिन्न विषयों की कुल 3512 बहुमुल्य पुस्तकें हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के ज्ञानवर्द्धन हेतु हिन्दी के तीन, अंग्रेजी का एक दैनिक समाचार पत्र तथा हिन्दी की चार मासिक पत्रिकाएं तथा एक जर्नल अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं। सत्र के दौरान 444 नई पुस्तकें भी खरीदी गई हैं, जोकि विभिन्न विषयों से सम्बंधित है। पुस्तकालय का सही ढंग से रखरखाव करने हेतु सॉफ्टवेयर भी उपलब्ध है। जिसका नाम Library Management Software (LMS) SOUL 3.0 है।

## युवा समारोह

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा समारोह ग्रुप–III में हमारे महाविद्यालय की 15 छात्राओं ने दिनांक 15 से 17 दिसम्बर 2021 तक गौतम छात्रा महाविद्यालय हमीरपूर में भाग लिया। डा0 कल्याण चन्द मंढोत्रा द्वारा निर्देशित 'भारतीय नाटी लोकनृत्य' में हमारे महाविद्यालय ने प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी में प्रो0 आशा, प्रो0 दीपाली और प्रो0 नीलम ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## भारत स्काउट एण्ड गाइड (Bharat Scout and Guide):-

इस सत्र में रोवर्स एवं रेन्जर इकाई, प्रो0 भेद राम और डा0 दीपाली के नेतृत्व में कार्य कर रही है। इसमें 24 रोवर्स व 24 रेन्जर पंजीकृत है।

- 18 सितम्बर 2021 को 'सामाजिक चेतना अभियान' के अन्तर्गत रोवर्स एवं रेन्जर के स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की।
- 21 सितम्बर 2021 को 'जागरूकता ' कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि SHO द्रंग, श्री अनिल कुमार ने महाविद्यालय के स्वयंसेवियों और सभी विद्यार्थियों को साईवर क्राईम व नशा मुक्ति के बारे में जागरूक किया।
- 2 अक्तुबर 2021 को स्वयंसेवियों ने 'महात्मा गांधी जयन्ती' के उपलक्ष्य पर आस पास का कूडा–कर्कट व प्लास्टिक को इकट्ठा किया ।
- 30 नवम्बर 2021 को पधर पुलिस थाना के ASI श्री महेन्द्र ठाकुर और हैड कांस्टेबल आई टी मण्डी जिन्तेन्द्र सैनी ने साइबर क्राईम के बारे में महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं को जागरूक किया।
- 31 दिसम्बर 2021 से 15 जनवरी 2022 तक स्वयं सेवियों ने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया व प्लास्टिक को सही तरीकें से निष्कासित करने के उपाय बताए।
- 15 मार्च 2022 से 19 मार्च 2022 तक, 7 रोवर्स ने State Training Centre Rewalsar में 5 दिवसीय State Level Petrol Leaders Workshop for Rovers में भाग लिया।

## राष्ट्रीय कैडट कोर (NCC)

1 जनवरी 2021 को महाविद्यालय को NCC की सौगात मिली। प्रथम चरण में 13 छात्र व 04 छात्राओं का चयन किया गया। प्रो0 हुकम चन्द (प्राणी विज्ञान) को NCC CTO का कार्यभार दिया गया।

- 8 अप्रैल 2021 को प्रधानमन्त्री संवाद कार्यक्रम– परीक्षा पे चर्चा के अतंर्गत NCC कैडेटों ने सोशल मीडिया के माध्यम से हैशटैग अभियान का आयोजन किया।
- 26 जुलाई 2021 को कारगिल विजय दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया और शहिदों को श्रद्धांजली दी गई।
- 10 अगस्त 2021 को महाविद्यालय में 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों जैसे ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, कविता पाठ में सभी कैडेटों ने हिस्सा लिया।
- 2 अक्तूबर 2021 को महाविद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।
- 22 नवम्बर 2021 से 28 नवम्बर 2021 तक 2HP बी एन NCC मण्डी द्वारा सात दिवसीय

''सयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (CATC 227)'' का आयोजन 239 ट्रांजिट कैंप पंडोह में किया गया। जिसमें महाविद्यालय के 12 कैडेटों ने भाग लिया।

वर्तमान में कुल 34 कैडेट NCC में पंजीकृत हैं जिसमें 13 छात्राएं तथा 21 छात्र कैडेट है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो. सुरेश कुमार के नेतृत्व में कार्यरत है। इस वर्ष राष्ट्रीय स्वयं सेवा में 93 स्वयंसेवी पंजीकृत हैं।

- 21 जून 2021 को महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने कोविड–19 महामारी के दौरान उचित सामाजिक दूरी का पालन करते हुए, अपने–अपने घरों और गाँवो में परिवार के साथ विभिन्न योग और आसन गतिविधियों का प्रदर्शन करके ''अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'' मनाया।
- 7 अगस्त 2021 से 13 अगस्त 2021 तक महाविद्यालय में NSS इकाई द्वारा ''सात दिवसीय वार्षिक शिविर'' का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों में सामुदायिक सेवा भाव को विकसित करने के लिए विभिन्न शारीरिक और शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।
- भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर 10 अगस्त 2021 को महाविद्यालय में ''आज़ादी का अमृत महोत्सव'' मनाया गया जिसमें इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का अयोजन किया गया ।
- राष्ट्रीयता की भावना को विकसित करने के लिए 15 अगस्त 2021 को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय गान की सुरम्य ध्वनियों के साथ राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया।

- 17 से 24 सितम्बर 2021 को स्वंयसेवकों द्वारा सामाजिक जागरूकता अभियान के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया।
- 24 सितम्बर 2021 को महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा 'एनएसएस दिवस' का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं को सम्पन्न किया गया।
- 04 अक्तूबर 2021 को स्वयंसेवकों द्वारा प्लास्टिक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई व परिसर को प्लास्टिक मुक्त करने हेतू संकल्प लिया गया ।
- 26 नवम्बर 2021 को महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. सुरेश कुमार और प्रो. भेद वर्मा उपस्थित रहे ।

## इको क्लब (Eco Club) :–

सांईस एण्ड टैक्नोलॉजी विभाग के द्वारा महाविद्यालय में इको क्लब का गठन किया गया है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक कराना तथा Clean और Green अभियान से जोड़ना है। इको क्लब में इस सत्र में 60 विद्यार्थी नामांकित हैं तथा प्रो0 हुकम चन्द इसके समन्वयक हैं।

- 2 जुलाई 2021 को 'नो यूज़ ऑफ प्लास्टिक' जागरूकता अभिययान में विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।
- 14 अगस्त 2021 को महाविद्यालय परिसर में ''आज़ादी का अमृत महोत्सव'' कार्यक्रम के अन्तर्गत इको क्लब के विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण किया।
- 02 अक्तूबर 2021 को गांधी जयंती के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर इको क्लब के सदस्यों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की।

## रेड क्रॉस सोसाइटी / रेड रिबन क्लब (Red Cross Society/Red Ribbon Club) :–

शैक्षणिक सत्र 2021–22 में महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की समन्वयक प्रो0 आशा कुमारी है।

- 12 अगस्त से 31 अगस्त 2021 तक महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब ने New Phase @ 75 Campaign 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' अभियान के अन्तर्गत आनलाईन मोड में विभिन्न गतिविधियों जैसे पोस्टर मेंकिंग, नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया और विद्यार्थियों को, HIV/AIDS, TB, रक्तदान तथा COVID-19 के बारे में जागरूक किया।
- 9 नवम्बर 2021 को State and Distt. AIDS Control Society (H.P.) द्वारा आयोजित Orientation Programme & Exposure Visit में नोडल ऑफिसर प्रो0 आशा कुमारी तथा रेड रिबन क्लब की तीन छात्राओं ने हिस्सा लिया।
- 1 दिसम्बर 2021 को रेड रिबन क्लब द्वारा 'विश्व एड्स दिवस' मनाया गया जिसमें विभिन्न गतिविधियों जैसे पोस्टर मेंकिंग नारा लेखन, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन करके विद्यार्थियों को HIV/AIDS, TB, COVID-19 जैसी गम्भीर बिमारियों की रोकथाम करने के लिए जागरूक किया और विद्यार्थियों को रक्त दान के बारे में भी जानकारी दी।

## महिला प्रकोष्ठ (Women Cell) :–

महाविद्यालय में 8 मार्च 2022 को महिला प्रकोष्ठ (Women Cell) द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष महिला दिवस का थीम 'Gender Equality Today for a Sustainable Tomorrow' है। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय मण्डी की एसोसिएट प्रो0 सीमा बावा मुख्य–अतिथि रहीं। उन्होंने छात्र छात्राओं को लैंगिक समानता के महत्व को समझाया और छात्राओं को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।

## जीविका परामर्श प्रकोष्ठ (Career Counseling Cell )

महाविद्यालय के **Career Counseling Cell** ने 15 मार्च 2022 को एक दिवसीय कैरियर परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को अपनी रुचियों और क्षमताओं का पता लगाने में मदद करना था ताकि वे सार्थक और खुशहाल जीवन जीने के लिए सही कैरियर चुन सकें। इंडियन एसोसिएशन ऑफ करियर एंड लाइवलीहुड प्लानिंग (ISCLP) के अध्यक्ष डॉ. सचिन कुमार, कार्यशाला के लिए संसाधन व्यक्ति थे। बहुत ही दिलचस्प और गतिविधि–आधारित तरीकों के माध्यम से डॉ सचिन कुमार ने छात्रों को उनकी रुचि और क्षमताओं के क्षेत्रों का पता लगाने के लिए निर्देशित किया। इस कार्यशाला के माध्यम से छात्र काम, नौकरी और कैरियर के बीच अंतर करने में सक्षम हो गए और छात्रों ने महसूस किया कि कैरियर का विकल्प, उच्च आय अर्जित करने के साथ–साथ अपने जीवन में सार्थकता की भावना रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

## सड़क सुरक्षा क्लब (Road Safety Club):-

14 नवम्बर 2021 को महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब का गठन किया गया। इस क्लब में 40 विद्यार्थी पंजीकृत है। इस क्लब की नोडल अधिकारी डा0 दीपाली अशोक है।

- 5 मार्च 2022 को क्लब के 15 स्वयंसेवियों ने ''सड़क सुरक्षा'' नामक विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जिसके माध्यम से सबको सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।
- 9 मार्च 2022 को सड़क सुरक्षा क्लब के स्वयंसेवकों ने पोस्टर मेकिंग नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों का पालन करने के लिए सभी छात्र छात्राओं को जागरूक किया।
- 12 मार्च 2022 को रोड सेफटी क्लब द्वारा ''सड़क सुरक्षा जागरूकता'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि S.P. मण्डी श्रीमती शलिनी अग्निहोत्री, विशिष्ट अतिथि S.D.P.O पधर श्री लोकेन्द्र नेगी रहे। जिन्होंने सभी स्वयंसेवियों व विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।

## डा0 अब्दुल कलाम सांईस सोसाइटी (Dr. Abdul Kalam Science Society):-

28 फरवरी 2022 को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में 'डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सांईस सोसाईटी' का गठन किया गया। इस सोसाईटी का उद्देश्य समाज में विज्ञान को बढ़ावा देना और लोकप्रिय बनाना है। विज्ञान संकाय के सभी विद्यार्थी व प्राध्यापक इस सोसाईटी के सदस्य होंगें। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में डा0 वाई0 पी0 शर्मा, प्राचार्य वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी उपस्थित रहे। उन्होंने महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को विज्ञान को अध्यात्म के साथ जोड़ने की सलाह दी।

## अन्य गतिविधियाँ

- दिनांक 26 जून 2021 को महाविद्यालय में 'वैक्सीनेशन ड्राइव' का आयोजन किया गया, जिसमें 18 साल से ऊपर के विद्यार्थियों व प्राध्यापकों को वैक्सीन लगाई गई। इस वैक्सीनेशन ड्राइव का संचालन स्वास्थ्य विभाग (हि.प्र.) की टीम के द्वारा किया गया।
- 8 सितम्बर 2021 को महाविद्यालय में 'अतंर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- 15 सितम्बर 2021 को 'नई शिक्षा नीति' पर महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के सभी प्राध्यपकों ने नई शिक्षा नीति पर अपने–अपने विचार व्यक्त किए।
- 14 सितम्बर 2021 को महाविद्यालय में 'हिन्दी दिवस' मनाया गया। जिसमें नारा लेखन, निबन्ध लेखन, कविता पाठ तथा भाषण प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियों में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- 5 अक्तुबर 2021 को महाविद्यालय में 'विश्व शिक्षक दिवस' मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 कल्याण चन्द मंढोत्रा ने की। इस अवसर पर छात्रों ने एकल गीत, कविता पाठ तथा भाषण प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियोंमें भाग लिया।
- 23 नवम्बर 2021 को महाविद्यालय में वनस्पति विभाग द्वारा, एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक ''प्लांट टैक्सनॉमी टेक्निकस एण्ड आईडेंटिफिकेशन मैथड'' था। इस कार्यशाला में संसाधन व्यक्ति डा0 स्मृति ने विद्यार्थियों को पौधों को पहचाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी।
- 18 फरवरी 2022 को वनस्पति विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में "Best out of wastes and Reuse of Plastic" नामक विषय पर एक प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें विद्यार्थियों ने व्यर्थ पड़े प्लास्टिक से सुन्दर चीजें बनाकर प्रदर्शित की ।

- 28 फरवरी 2021 को महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मण्डी के प्राचार्य डा0 वाई0 पी0 शर्मा मुख्य अतिथि रहें। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 17 मार्च 2021 को महाविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग के प्राध्यापक हुकम चन्द ने 'एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण' का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य क्षेत्र विशेष के प्राणियों के बारे में छात्रों को जानकारी देना है।
- 23 मार्च 2022 को महाविद्यालय में 'शहीदी दिवस' मनाया गया, जिसमें एनसीसी के कैडेटों और एनएसएस के स्वंयसेवकों ने देश के वीरों : भक्त सिंह, राजगुरू और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

### उपाधि

अक्तूबर 2021 में डा0 राजकुमार, ऐसोसिएट प्रोफेसर हिन्दी ने ''शरद जोशी के स्तंभ लेखों में व्यंग्य'' नामक शीर्षक पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से पीएचडी (PhD) की उपाधि प्राप्त की।

### प्रकाशन

- रसायन विज्ञान विभाग के डा0 संजय कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका ''केमिकल फिजिक्स इम्पैक्ट'' (ISSN No. 2667-0224) में 'Exploring the surfactant structure efficacy in controlling growth and stability of HgS nanoparticles in aqueous medium' शीर्षक से शोध लेख प्रकाशित किया।
- वाणिज्य विभाग की प्रो0 नीलम शर्मा ने ''प्रतिभा स्पंदन सोसाइटी'' द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय वाणिज्य और प्रबंधन में ''आर्थिक विकास पर लैंगिक असमानता के प्रभाव'' पर शोध लेख प्रकाशित किया।
- वाणिज्य विभाग के डा0 अनुपम बाहरी को 1 जनवरी 2021 से "National Journal of Commerce and Management" के मैनेजिंग एडिटर के पद के लिए चुना गया है। वर्तमान में आप इसी जर्नल में Assistant Editor के रूप में काम कर रहे है।

### सम्मेलन/शोध पत्र प्रस्तुति

- रसायन विज्ञान के डा0 संजय कुमार ने 16 से 17 दिसंबर 2021 के दौरान रसायन विज्ञान विभाग, सदगुरू गडेज महाराज कॉलेज द्वारा आयोजित अतंर्राष्ट्रीय सम्मेलन (SDCSA-2021) में

‘Surfactant’s role in growth and stability of mercury sulphide aqueous nano dispersiions’ नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- भौतिक विज्ञान विभाग की प्रो0 याचना शर्मा ने 16 से 17 अक्टूबर 2021 के दौरान Department of Chemistry & Centre for Nano-Science and Technology, Career Point University, Hamirpur द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में ‘Density Function Theory in Material Science: A Review’ नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- भौतिक विज्ञान विभाग की प्रो0 याचना शर्मा ने 23 से 24 नवम्बर 2021 के दौरान Department of Physics, Chandigarh University, Mohali द्वारा आयोजित अतंर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ‘Investigation of Structural Properties of Al 3+ Substituted Mg-Mn Ferrites’ नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- अंग्रेजी विभाग की प्रो0 आशा कुमारी ने 19 फरवरी 2022 को प्रतिभा सम्पदन चेरिटेबल सोसाइटी शिमला के सहयोग से Govt. College निहरी, मण्डी द्वारा आयोजित “Carving the Niche of Their Own: Emergence of Subaltern Women Against Heavy Odds” विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- अंग्रेजी विभाग की प्रो0 आशा कुमारी ने 16 मार्च 2022 को प्रतिभा सम्पदन चेरिटेबल सोसाइटी शिमला के सहयोग से राजकीय महाविद्यालय जोगिन्द्र नगर द्वारा आयोजित “Multi disciplinary Approaches in Higher Education ” विषय पर एक दिवसीय National Level -E-Conference में “Subaltern Women’s Quest for Identity : A Study of What the Body Remembers” नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- अर्थशास्त्र विभाग के प्रो0 भेद वर्मा ने 28 से 29 जनवरी 2022 के दौरान “The Indian Health Economics and Policy Association (IHEPA)” द्वारा आयोजित (ऑनलाइन)10वें वार्षिक अतंर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

## कार्यशाला

- रसायन विज्ञान विभाग के डा0 संजय कुमार ने राजधानी कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) द्वारा आयोजित “Designing and Development of e-Resources for Teaching and Learning” पर 22–24 जून 2021 तक तीन दिवसीय कार्यशाला पूरी की।
- 23 जून से 29 जून 2021 तक वल्लभ महाविद्यालय मण्डी द्वारा आयोजित “Art of Yoga for Healing the Body, Mind and Soul During the Pandemic” पर एक सप्ताह की ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रो0 शिखा कपूर (अंग्रेजी), प्रो0 याचना शर्मा (भौतिक विज्ञान), प्रो0 आशा कुमारी (अंग्रेजी), प्रो0 हुकम चंद (प्राणी विज्ञान), और प्रो0 अनिता कुमारी (हिन्दी) ने भाग लिया।

## संगोष्ठी/वेबिनार

- रसायन विज्ञान विभाग के डा0 संजय कुमार ने गुरू अंगद देव टीचिंग लर्निंग सेंटर, एसजीटीवी खालसा कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) द्वारा आयोजित “Implementation of Academic Bank of Credits” नामक एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।
- रसायन विज्ञान विभाग के डा0 संजय कुमार ने 11 जनवरी 2022 को आयोजित एसआईईएम कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स, मुबंई विश्वविद्यालय और गुरू अंगद देव टीचिंग लर्निंग सेंटर, एसजीटीबी खालसा कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) द्वारा आयोजित “NEP-2020: Innovative Pedagogies for Quality Education” नामक एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।
- वाणिज्य विभाग की प्रो0 नीलम शर्मा ने 7 जनवरी 2022 को प्रबंधन और वाणिज्य विभाग, पंडित एस.एन. शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल M.P. और एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (AMFI) संयुक्त रूप से आयोजित वेबिनार में भाग लिया है।

## संकाय विकास कार्यक्रम

- रसायन विज्ञान विभाग के डा0 संजय कुमार ने दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन कॉलेज शिक्षण केन्द्र से रसायन विज्ञान में दो सप्ताह का संकाय विकास कार्यक्रम पूरा किया है।
- प्राणी विज्ञान विभाग के प्रो0 हुकम चंद ने पं0 दीन दयाल उपाध्याय शोध पीठ, बुंदेलखड विश्वविद्यालय झांसी (यूपी) द्वारा आयोजित अनुसंधान पद्धति पर सात दिवसीय ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम में 05—11 जून 2021 तक भाग लिया।

## प्रेरण/ अभिविन्यास

- वाणिज्य विभाग की प्रो0 नीलम शर्मा ने 16 अगस्त से 14 सितंबर 2021 तक एचपीयू शिमला द्वारा आयोजित 30 दिनों के ऑनलाईन फैकल्टी इंडक्शन (गुरू—दक्षता) FIP-06 कार्यक्रम में भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया।

## महाविद्यालय की समस्याएं व अपेक्षाएँ :-

महोदय,

मैं आपका ध्यान महाविद्यालय की कुछ गंभीर समस्याओं की ओर आकृष्ट करना चाहूँगा।

- महाविद्यालय में शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग के रिक्त पड़े पदों के कारण छात्रों व संस्थान को अत्याधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। रिक्तियों की सूची इस प्रकार हैः— प्राचार्य का पद,

शिक्षक वर्ग में राजनीतिक शास्त्र और रसायन विज्ञान के एक–एक पद, गैर शिक्षक वर्ग में 1 पद पुस्तकालयध्यक्ष, 1 पद पुस्तकालय परिचर, एक पद पुस्तकालय सरंक्षक, दो पद SLA, चार पद JLA, चार पद LA, एक पद तबलावादक, एक पद स्टोर कीप्पर, दो पद सफाई कर्मचारी। मान्यवर आपसे विनम्र निवेदन है कि महाविद्यालय के रिक्त पदों को जल्दी से भरने की कृपा करें।

- महाविद्यालय में विज्ञान भवन का निर्माण कार्य 4 वर्षों से रूका हुआ है आपसे प्रार्थना है कि इसे शीघ्र पूर्ण करवाया जाए।
- कुछ वर्ष पूर्व उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस महाविद्यालय को बास्केट बॉल के पोल उपलब्ध करवाऐ गए थे जिनका उपयोग न होने के कारण वे खराब होने की स्थिति में हैं। अतः आपसे अनुरोध है कि **Basket Ball Court** के निर्माण हेतू धन राशि प्रदान की जाए।
- महाविद्यालय के मंच पर छत तथा साथ में एक ''ग्रीन रूम'' की आवश्यकता है।
- महाविद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों को बैठने के लिए जो सीढ़ियों का निर्माण किया गया है उनका और विस्तार किया जाए ताकि सभी विद्यार्थियों को बैठने के लिए सुविधा मिल सके।
- महोदय, स्ट्रीट लाइट्स के अभाव में हमारे महाविद्यालय परिसर तथा आवासीय परिसर में अन्धेरा छाया रहता है, आपसे निवेदन है कि महाविद्यालय के लिए 20 स्ट्रीट लाइट्स उपलब्ध करवाई जाएं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप उपरोक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान कर हमें कृतार्थ करेंगे।

मान्यवर,

सत्र 2021–22 के अपने इस वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से मैंने इस महाविद्यालय की जिन उपलब्धियों की चर्चा की है उन्हें साकार रूप देने का श्रेय इस महाविद्यालय के योग्य प्राध्यापक वर्ग, कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी वर्ग तथा अनुशासित विद्यार्थियों को जाता है। मैं इन सभी के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूँ।

महाविद्यालय के चहुंमुखी विकास के लिए समय–समय पर जो सहयोग, स्थानीय उपमण्डलाधिकारी (नागरिक), पुलिस विभाग, जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, चिकित्सा विभाग तथा पत्रकार बन्धुओं ने दिया है इन सभी के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूँ और मैं आशा करता हूँ कि आगे भी इनका सहयोग मिलता रहेगा।

धन्यवाद !

जय हिन्द! जय भारत !